www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PAPER-II
# ECONOMICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) __________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) __________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 0 1 1 0**

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

www.prepp.in

# ECONOMICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The revealed preference theory of consumer's behaviour is based on

(A) Consistency
(B) Strong Ordering
(C) Positive income elasticity of demand
(D) All the above

**2.** An individual's supply curve for labour will bend backwards when

(A) The substitution effect of wage rate increase is higher than income effect.
(B) The income effect of wage rate increase is negative and higher than the substitution effect.
(C) Leisure is a Giffen good.
(D) The substitution and income effect of wage rate increase reinforce each other.

**3.** The short run supply curve of a firm under perfect competition is the same as the

(A) marginal cost curve
(B) marginal cost curve above the average variable cost curve
(C) average variable cost curve
(D) average total cost curve

**4.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Quasi rent | 1. Hicks |
| (b) Elasticity of substitution | 2. Chamberlin |
| (c) Monopolistic competition | 3. Neumann and Morgenstern |
| (d) Theory of Games | 4. Marshall |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**5.** The difference between the value of marginal product and the marginal revenue product arises only if

(A) Average revenue is not equal to marginal revenue.
(B) Average cost is not equal to marginal cost.
(C) Total revenue is not equal to total cost.
(D) Average cost is not equal to average revenue.

**Note :** The following **5 (five)** questions consist of two statements : one labelled as the 'Assertion' (A) and the other as 'Reason' (R). You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :

**6.** **Assertion (A) :** In the short run, a producer operates in only stage II of the law of diminishing returns where average product of the variable factor is declining.

**Reason (R) :** In stage I and stage III the marginal products of the fixed and the variable factors respectively are negative.

**Codes :**

(A) (A) is true and (R) is false.
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(D) (A) is false and (R) is true.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# अर्थशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** उपभोक्ता व्यवहार का प्रकटित अधिमान सिद्धान्त इस पर आधारित है :
(A) संगतता
(B) प्रबल क्रमण
(C) मांग की धनात्मक आय लोच
(D) उपर्युक्त सभी

**2.** एक व्यक्ति का श्रम आपूर्ति वक्र पीछे की ओर झुकेगा यदि
(A) मजदूरी दर में वृद्धि का प्रतिस्थापन प्रभाव उसके आय प्रभाव से अधिक है ।
(B) मजदूरी दर में वृद्धि का आय प्रभाव उसके प्रतिस्थापन प्रभाव की तुलना में ज्यादा और ऋणात्मक है ।
(C) फुरसत (Leisure) गिफिन वस्तु है ।
(D) मजदूरी दर में वृद्धि के प्रतिस्थापन एवं आय प्रभाव एक दूसरे को बढ़ाते हैं ।

**3.** पूर्ण प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत फर्म का अल्पकालिक आपूर्ति वक्र होता है
(A) सीमान्त लागत वक्र
(B) औसत परिवर्ती लागत वक्र से ऊपर सीमान्त लागत वक्र
(C) औसत परिवर्ती लागत वक्र
(D) औसत कुल लागत वक्र

**4.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिये और नीचे दिये कोडों से उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|
| (a) आभास लगान | 1. | हिक्स |
| (b) प्रतिस्थापन की लोच | 2. | चेम्बरलिन |
| (c) एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा | 3. | न्युमैन मॉर्गनस्टर्न |
| (d) क्रीड़ा का सिद्धान्त | 4. | मार्शल |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**5.** सीमान्त उत्पाद के मूल्य और सीमान्त आगम उत्पाद के मूल्य के बीच अन्तर सिर्फ तभी उत्पन्न होता है, जब
(A) औसत आगम सीमान्त आगम के बराबर नहीं है ।
(B) औसत लागत सीमान्त लागत के बराबर नहीं है ।
(C) कुल आगम कुल लागत के बराबर नहीं है ।
(D) औसत लागत औसत आगम के बराबर नहीं है ।

**नोट :** निम्न **पाँच** प्रश्नों में प्रत्येक में एक अभिकथन (A) तथा एक तर्क (R) दिया हुआ है । आपको इनका ध्यानपूर्वक परीक्षण करना है तथा नीचे दिये हुए कोडों से सही उत्तर को छाँटना है ।

**6.** **अभिकथन (A) :** अल्पकाल में, एक उत्पादक प्रतिफल ह्रास नियम की सिर्फ अवस्था-II में कार्य प्रचालन करता है जहाँ परिवर्ती उपादान का औसत उत्पाद कम हो रहा होता है ।

**तर्क (R) :** अवस्था-I और अवस्था-III में, स्थिर एवं परिवर्ती उपादानों के सीमान्त उत्पाद क्रमशः ऋणात्मक होते हैं ।

**कोड :**
(A) (A) सत्य है और (R) असत्य है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।

7. **Assertion (A) :** In monopolistic competition, a firm earns only normal profit in the long run.

**Reason (R) :** A firm in monopolistic competition produces a commodity which has no close substitutes.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

8. **Assertion (A) :** Devaluation in general is resorted to increase the exports.

**Reason (R) :** It makes exports cheaper.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.

(B) (A) is correct, but (R) is not correct.

(C) Both (A) and (R) are incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

9. **Assertion (A) :** The role of monetary policy in a developing economy in general is to achieve growth with stability.

**Reason (R) :** It makes availability of credit to public at cheaper rate of interest.

**Codes :**

(A) (A) is correct but (R) is not the explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are incorrect.

(C) (A) is incorrect but (R) is correct.

(D) Both (A) and (R) are correct.

10. **Assertion (A) :** The average and the spread of indirect taxes have been lowered in India over the past two decades.

**Reason (R) :** Tax-GDP ratio in India has declined during this period.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

11. The classical analysis of determination of output and employment is characterised as a

(A) Static Analysis

(B) Comparative Static Analysis

(C) Dynamic Analysis

(D) All of the above

12. ‘Consumption is irreversible’ is implicit in which of the following hypothesis ?

(A) Absolute Income Hypothesis

(B) Relative Income Hypothesis

(C) Life Cycle Hypothesis

(D) Permanent Income Hypothesis

13. Inventory-theoretic approach to transactions demand for money has been given by

(A) J. M. Keynes

(B) Milton Friedman

(C) Don Patinkin

(D) W.J. Baumol

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. अभिकथन (A) : एकाधिकारी प्रतियोगिता में फर्म दीर्घकाल में सिर्फ सामान्य लाभ ही अर्जित करती है ।

तर्क (R) : एकाधिकारी प्रतियोगिता में फर्म द्वारा निर्मित वस्तु का कोई निकट प्रतिस्थानापन्न नहीं होता है ।

कोड :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

8. अभिकथन (A) : सामान्य तौर पर निर्यातों को बढ़ाने के लिए अवमूल्यन किया जाता है ।

तर्क (R) : यह निर्यात को ज्यादा सस्ता कर देता है ।

कोड :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

9. अभिकथन (A) : विकासशील अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति की भूमिका सामान्यत: संवृद्धि की ज्यादा उच्च दर प्राप्त करना है ।

तर्क (R) : यह लोगों को ऋण ज्यादा सस्ती ब्याज दर पर उपलब्ध कराती है ।

कोड :

(A) (A) सही है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

10. अभिकथन (A) : पिछले दो दशकों के दौरान भारत में अप्रत्यक्ष करों का विस्तार और औसत आकार कम हो गया है ।

तर्क (R) : इस अवधि के दौरान भारत में कर जी.डी.पी. अनुपात गिरा है ।

कोड :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

11. उत्पादन और रोजगार निर्धारण का क्लासीकल विश्लेषण कहलाता है

(A) स्थैतिक विश्लेषण

(B) तुलनात्मक स्थैतिक विश्लेषण

(C) गत्यात्मक विश्लेषण

(D) उपर्युक्त सभी

12. "उपभोग अनुत्क्रमणीय (Irreversible) होता है ।" यह निम्नांकित परिकल्पनाओं में से किसमें अंतर्निहित है ?

(A) निरपेक्ष आय परिकल्पना

(B) तुलनात्मक आय परिकल्पना

(C) जीवन चक्र परिकल्पना

(D) स्थायी आय परिकल्पना

13. मुद्रा के लिए विनिमय मांग हेतु स्टॉक सूची सिद्धान्त दृष्टिकोण का प्रतिपादन किसने किया है ?

(A) जे.एम. कीन्स

(B) मिल्टन फ्रीडमैन

(C) डॉन पेटिन्किन

(D) डब्ल्यू.जे. बामोल

14. Liquidity trap is a situation when demand for money is
   (A) Zero elastic
   (B) Unit elastic
   (C) Relatively more elastic
   (D) Perfectly elastic

15. Match List-I with List-II and select the answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Equation of exchange | 1. Milton Friedman |
| (b) Money wage rigidity | 2. John Muth |
| (c) Natural rate of unemployment | 3. J.M. Keynes |
| (d) Rational expectations | 4. Irving Fischer |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

16. Which one of the following statements in case of Kaldor model of trade cycle is incorrect ?
   (A) Its foundation can be found in Keynes' theory of income determination.
   (B) It assumes that both saving and investment function (or at least one of the two) are non-linear.
   (C) It makes use of investment multiplier interaction to generate trade cycles.
   (D) It is based on capital – Stock Adjustment principle.

17. Match the List-I with List-II and select the answers from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Life cycle hypothesis | 1. Franco Modigliani |
| (b) Liquidity trap | 2. J. Duesenberry |
| (c) Ratchet effect | 3. A.C. Pigou |
| (d) Real balance effect | 4. J.M. Keynes |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

18. The concept of sustainable development was first given by
   (A) Brudtland
   (B) Kindleberger
   (C) Raul Prebisch
   (D) Keynes

19. In the Harrod-Domar equation of warranted rate of growth, i.e., $\bar{g} = \left(\frac{s/y}{1/k}\right)$, the capital-output ratio is represented by
   (A) $\bar{g}$ (B) 1/k
   (C) s/y (D) y/s

20. Which of the following is not an indicator of Globalization ?
   (A) Opening of the economy for unrestricted imports and exports.
   (B) Allowing free capital movement among nations.
   (C) Free movement of technology among nations.
   (D) Achieving exchange rate stability.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** तरलता पाश: की स्थिति वह है जिसमें मुद्रा के लिए मांग

(A) शून्य लोच की होती है ।

(B) इकाई लोच की होती है ।

(C) तुलनात्मक रूप से ज्यादा लोचदार होती है ।

(D) पूर्णतया लोचदार होती है ।

**15.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और नीचे दिए कोडों से उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) विनिमय का समीकरण | 1. मिल्टन फ्रीडमैन |
| (b) मौद्रिक मजदूरी अनम्यता | 2. जॉन म्यूथ |
| (c) बेरोजगारी की प्राकृतिक दर | 3. जे.एम. कीन्स |
| (d) युक्तिसंगत प्रत्याशा परिकल्पना | 4. इरविंग फिशर |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**16.** व्यापार चक्रों के कालडर मॉडल के सम्बन्ध में निम्नांकित कथनों में से कौन सा गलत है ?

(A) उसकी नींव आय निर्धारण के कीन्स के सिद्धान्त में पाई जा सकती है ।

(B) इसकी मान्यता है कि बचत और निवेश फलन दोनों (या कम से कम दोनों में से एक) अरेखीय होते हैं ।

(C) व्यापार चक्रों को उत्पन्न करने के लिए यह निवेश-गुणक अंतर्क्रिया का उपयोग करता है ।

(D) यह पूँजी स्टॉक समायोजन सिद्धान्त पर आधारित है ।

**17.** सूची – I का सूची – II के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिए कोडों से उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) जीवन चक्र परिकल्पना | 1. फ्रैंको मोदीग्लियानी |
| (b) तरलता पाश: | 2. जे. ड्युज़नबेरी |
| (c) रैचेट प्रभाव | 3. ए.सी. पीगू |
| (d) वास्तविक शेष प्रभाव | 4. जे.एम. कीन्स |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**18.** धारणीय विकास का प्रत्यय सर्वप्रथम किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया ?

(A) ब्रडलैंड

(B) किंडलबर्गर

(C) रॉल प्रेविश

(D) कीन्स

**19.** हैरोड-डोमर का वारे संवृद्धि दर का समीकरण, $\underline{g} = \left(\frac{s/y}{1/k}\right)$ में, पूँजी-उत्पादन अनुपात किसके द्वारा दर्शाया जाता है ?

(A) $\underline{g}$ (B) 1/k

(C) s/y (D) y/s

**20.** भू-मंडलीकरण का संकेतक निम्नांकित में से कौन सा नहीं है ?

(A) अप्रतिबन्धित आयात एवं निर्यात के लिए अर्थव्यवस्था को खोलना ।

(B) राष्ट्रों के बीच निर्बाध (मुक्त) पूंजी गतिशीलता की अनुमति देना ।

(C) राष्ट्रों के बीच प्रौद्योगिकी की मुक्त गति ।

(D) विनिमय दर स्थायित्व प्राप्त करना ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** Which one of the following is an indicator of poverty ?

(A) Head-count index

(B) Poverty-gap ratio

(C) Poverty-square gap ratio

(D) All of the above

**22.** The unbalanced growth strategy was propounded by

(A) Ragnar Nurkse

(B) H. Leibenstein

(C) A.O. Hirschman

(D) R. Rodan

**23.** Opportunity cost theory of international trade is given by

(A) Haberler

(B) Adam Smith

(C) Ricardo

(D) Heckschor-Ohlin

**24.** The concept of intra-industry trade is given by

(A) Balassa

(B) Meade

(C) Jagdish Bhagwati

(D) J.S. Mill

**25.** Which one of the following is considered as non-debt creating foreign investment inflow ?

(A) External assistance

(B) Foreign direct investment

(C) Borrowing from I.M.F.

(D) Commercial borrowings

**26.** Various trade reforms after 1991 in India were implemented by

(A) Manmohan Singh

(B) C.N. Vakil

(C) P.R. Brahmananda

(D) Jagdish Bhagwati

**27.** In 1971, collapse of Brettonwood system was largely due to

(A) Fall of gold standard

(B) Rise in the value of gold

(C) Failure to manage international liquidity

(D) Surplus countries did not revalue and deficit countries did not devalue their currencies

**28.** Purchasing power parity theory was given by

(A) Haberler

(B) J.S. Mill

(C) J.E. Meade

(D) Gustav Cassell

**29.** When was minimum reserve system of note issue adopted in India ?

(A) 1947 (B) 1953

(C) 1956 (D) 1960

**30.** Which one of the following is not the objective of monetary policy in India ?

(A) To accelerate economic development

(B) To achieve price stability

(C) To regulate foreign trade

(D) To stabilise exchange rate

Prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** निर्धनता का संकेतक निम्नांकित में से कौन सा है ?

(A) हैड काउन्ट सूचकांक
(B) निर्धनता अंतराल अनुपात
(C) निर्धनता वर्ग अंतराल अनुपात
(D) उपर्युक्त सभी

**22.** असंतुलित संवृद्धि व्यूहरचना किसके द्वारा अपनाई गई ?

(A) रेगनर नर्कसे
(B) एच. लीबेनस्टीन
(C) ए.ओ. हर्षमैन
(D) आर. रोडेन

**23.** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसर लागत सिद्धान्त को निम्नांकित में से किसने प्रतिपादित किया ?

(A) हैबरलर
(B) एडम स्मिथ
(C) रिकार्डो
(D) हेक्सर-ओहलिन

**24.** अन्तरा-उद्योग व्यापार का प्रत्यय किसने प्रतिपादित किया ?

(A) बलासा
(B) मीड
(C) जगदीश भगवती
(D) जे.एस. मिल

**25.** निम्नांकित में से ऋणेतर विदेशी निवेश अंतर्वाह अर्जक कोई एक समझा जाता है :

(A) बाह्य सहायता
(B) विदेशी प्रत्यक्ष सहायता
(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से उधार
(D) वाणिज्यिक उधार

**26.** 1991 के उपरान्त भारत में विभिन्न व्यापार सुधार किसके द्वारा लागू किये गये ?

(A) मनमोहन सिंह
(B) सी.एन. वकील
(C) पी.आर. ब्रह्मानंद
(D) जगदीश भगवती

**27.** वर्ष 1971 में ब्रेट्टनवुड्स व्यवस्था के विफल होने का मोटे तौर पर कारण था

(A) स्वर्णमान का पतन
(B) स्वर्ण के मूल्य में वृद्धि
(C) अंतर्राष्ट्रीय तरलता के प्रबन्धन की विफलता
(D) अतिरेक विदेशी मुद्रा वाले देशों ने अपनी करेन्सी का पुनर्मूल्यन तथा विदेशी मुद्रा घाटे वाले देशों ने अपनी करेन्सी का अवमूल्यन नहीं किया ।

**28.** क्रय शक्ति समता सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया था ?

(A) हेबरलर
(B) जे.एस. मिल
(C) जे.ई. मीड
(D) गुस्ताव केसिल

**29.** भारत में नोट निर्गमन की न्यूनतम कोष प्रणाली कब प्रारंभ हुई ?

(A) 1947
(B) 1953
(C) 1956
(D) 1960

**30.** भारत में मौद्रिक नीति का निम्नांकित में से कौन सा एक उद्देश्य नहीं है ?

(A) आर्थिक विकास की गति बढ़ाना ।
(B) कीमत स्थिरता प्राप्त करना ।
(C) विदेशी व्यापार को विनियमित करना ।
(D) विनिमय दर को स्थिर करना ।

**31.** The continuous deficit in the balance of payments of India is due to

(A) Continued rise in imports

(B) Slow rise in exports

(C) Exchange rate volatility

(D) All of the above

**32.** 'Currency War' during the present recession is concerned with

(A) Under valuation of currency

(B) Over valuation of currency

(C) Neutral valuation of currency

(D) None of the above

**33.** Disguised unemployment in underdeveloped countries stands for marginal productivity of some persons is

(A) zero

(B) greater than zero

(C) high

(D) unity

**34.** Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Open-general license | 1. Employment |
| (b) TRYSEM | 2. External trade |
| (c) Wholesale price index | 3. Credit control |
| (d) Cash-reserve ratio | 4. Inflation |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**35.** Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) J.M. Keynes | 1. Economics of imperfect competition |
| (b) David Ricardo | 2. General theory of employment, interest and money |
| (c) Adam Smith | 3. Principles of political economy |
| (d) Mrs. Joan Robinson | 4. Wealth of Nations |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**36.** Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below :

| List – I Institution | List – II Year of establishment |
|---|---|
| (a) R.B.I. | 1. 1935 |
| (b) N.A.B.A.R.D. | 2. 1982 |
| (c) Planning Commission | 3. 1950 |
| (d) F.C.I. | 4. 1964 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**31.** भारत के भुगतान संतुलन में निरन्तर घाटा निम्न कारण से है :
(A) आयातों में निरन्तर वृद्धि
(B) निर्यात में धीमी वृद्धि
(C) विनिमय दर की अस्थिरता (चंचलता)
(D) उपर्युक्त सभी

**32.** वर्तमान मन्दी के दौरान करेन्सी युद्ध किससे सम्बन्धित है ?
(A) करेन्सी अधोमूल्यन
(B) करेन्सी अधिमूल्यन
(C) करेन्सी का तटस्थ मूल्यन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** अल्पविकसित देशों में छद्‌म बेरोजगारी का अर्थ है
(A) कुछ व्यक्तियों की सीमान्त उत्पादकता शून्य है ।
(B) कुछ व्यक्तियों की सीमान्त उत्पादकता शून्य से ज्यादा है ।
(C) कुछ व्यक्तियों की सीमान्त उत्पादकता उच्च है ।
(D) कुछ व्यक्तियों की सीमान्त उत्पादकता इकाई है ।

**34.** सूची – I का सूची – II के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिए कोडों में से अपना उत्तर चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) मुक्त सामान्य लाइसेंस (ओ जी एल) | 1. रोजगार |
| (b) ट्रायसेम | 2. बाह्य व्यापार |
| (c) थोक कीमत सूचकांक | 3. ऋण नियन्त्रण |
| (d) नकदी रिज़र्व अनुपात | 4. मुद्रा स्फीति |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**35.** सूची – I का सूची – II के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिए कोडों में से अपना उत्तर चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) जे.एम. कीन्स | 1. इकोनोमिक्स ऑफ इम्परफेक्ट कॉम्पिटिशन |
| (b) डेविड रिकार्डो | 2. जनरल थ्योरी ऑफ एम्प्लॉयमेन्ट, इंट्रेस्ट एण्ड मनी |
| (c) एडम स्मिथ | 3. प्रिंसिपल्स ऑफ पोलिटिकल इकोनोमी |
| (d) श्रीमती जे. रोबिन्सन | 4. वेल्थ ऑफ नेशंस |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**36.** सूची – I का सूची – II के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिए कोडों में से अपना उत्तर चयन कीजिए :

| **सूची – I (संस्था)** | **सूची – II (स्थापना का वर्ष)** |
|---|---|
| (a) भारतीय रिज़र्व बैंक | 1. 1935 |
| (b) नाबार्ड | 2. 1982 |
| (c) योजना आयोग | 3. 1950 |
| (d) एफ.सी.आई. (F.C.I.) | 4. 1964 |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

www.prepp.in

**37.** Which one of the following is not correctly matched in the case of India ?

(A) Revenue expenditure : Revenue receipts + Revenue deficit

(B) Primary deficit : Revenue deficit – interest payments

(C) Total receipts : Revenue receipts + capital receipts

(D) Revenue receipts : Tax revenue + non-tax revenue

**38.** The incidence of sales tax is on the seller when the demand curve

(A) for the product is a rectangular hyperbola

(B) for the product is perfectly elastic

(C) for the product is perfectly inelastic

(D) for the product is moderately elastic

**39.** A progressive income tax implies that

(A) the amount of tax falls with a rise in income

(B) the rate of tax rises with a rise in income

(C) both (A) and (B)

(D) the rate of tax decreases with a rise in income

**40.** Under which Article of the Constitution of India is the Finance Commission is appointed by President of India ?

(A) 279 (B) 280

(C) 281 (D) 282

**41.** Who is the Chairman of the Economic Advisory Council of the Prime Minister of India ?

(A) Suresh Tendulkar

(B) Jagdish Bhagwati

(C) C. Rangarajan

(D) Vijay Kelkar

**42.** Match List-I with List-II and select the answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Range | 1. | Square of standard deviation |
| (b) | Coefficient of variation | 2. | Uses limited information |
| (c) | Variance | 3. | Relative measure of dispersion |
| (d) | Inter-quartile range | 4. | Smaller than range |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**43.** The distribution for which mean and variance are equal is

(A) Poisson (B) Binomial

(C) Normal (D) Gamma

**44.** For a symmetric distribution Skewness ($\beta_1$) is

(A) 3 (B) 0

(C) 1 (D) 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** भारत के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) राजस्व व्यय : राजस्व प्राप्तियाँ + राजस्व घाटा

(B) प्राथमिक घाटा : राजस्व घाटा – ब्याज भुगतान

(C) कुल प्राप्तियाँ : राजस्व प्राप्तियाँ + पूँजीगत प्राप्तियाँ

(D) राजस्व प्राप्तियाँ : कर राजस्व + करेतर राजस्व

**38.** विक्रय कर का करापात विक्रेता पर पड़ता है यदि

(A) उत्पाद का मांग वक्र आयताकार हाइपरबोला है ।

(B) उत्पाद का मांग वक्र पूर्णत: लोचदार है ।

(C) उत्पाद का मांग वक्र पूर्णत: बेलोचदार है ।

(D) उत्पाद का मांग वक्र औसतन रूप से लोचदार है ।

**39.** प्रगतिशील आय कर का आशय है कि

(A) आय में वृद्धि के साथ कर की मात्रा कम होती है ।

(B) आय में वृद्धि के साथ कर की दर बढ़ती है ।

(C) (A) तथा (B) दोनों ।

(D) आय में वृद्धि के साथ कर की दर कम होती है ।

**40.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति द्वारा वित्त आयोग नियुक्त किया जाता है ?

(A) अनुच्छेद 279 (B) अनुच्छेद 280

(C) अनुच्छेद 281 (D) अनुच्छेद 282

**41.** भारत के प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद का अध्यक्ष कौन है ?

(A) सुरेश तेन्दुलकर

(B) जगदीश भगवती

(C) सी. रंगाराजन

(D) विजय केलकर

**42.** सूची – I का सूची – II के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिए कोडों में से अपना उत्तर चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) विस्तार | 1. मानक विचलन का वर्ग |
| (b) विचरण गुणांक | 2. सीमित जानकारी का उपयोग करता है । |
| (c) प्रसरण | 3. अपकिरण का सापेक्ष माप |
| (d) अंतर्चतुर्थक विस्तार | 4. विस्तार की तुलना में छोटा |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**43.** किस माध्य और प्रसरण का वितरण बराबर है ?

(A) पायसन (B) द्विपदीय

(C) सामान्य (D) गामा

**44.** सममितीय बंटन के लिए वैषम्य ($\beta_1$) होता है

(A) 3 (B) 0

(C) 1 (D) 2

prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** The sum of the squares of deviations of the given set of observations is minimum when taken from

(A) Mode (B) Median

(C) Variance (D) Mean

**46.** Factor reversal test is satisfied by

(A) Laspayer's Index

(B) Fischer's Index

(C) Marshall-Edgworth Index

(D) Pasche's Index

**47.** Type I error is defined as

(A) Reject null-hypothesis when it is false.

(B) Reject null-hypothesis when it is true.

(C) Accept null-hypothesis when it is true.

(D) Accept null-hypothesis when it is false.

**Note :** Read the passage below and answer question nos. **48 – 50 :**

An employer is willing to hire an extra worker provided he or she will contribute a value that exceeds the wage and thus the contribution of the marginal worker is a good approximation of the wage. On a given plot of land, if you add more and more workers, each will contribute marginally less and thus the wages rise with productivity and with the land-to-labour ratio. Areas with high agricultural productivity and high land-to-labour ratios (for example Punjab, Haryana) have higher wages and vice versa (for example Bihar, Orissa). Productivity is determined by technology – the seeds, irrigation, fertilizer, etc. Land-to-labour ratio is determined by the size of the agricultural labour force that the land has to support. Areas with high population density, and that means areas that have experienced high rates of population growth for a long time, will have low land-to-labour ratios and hence low wages. Also, if the economy is characterized by well-developed manufacturing and service sectors so that there is significant employment outside agriculture, then correspondingly there is less labour in agriculture. Consequently, the land-to-labour ratios in agriculture and hence wages are high. This is the key link between employment pattens and poverty.

**48.** An employer is willing to hire an extra worker

(A) if the contribution of this worker is more than the wage rate

(B) if the contribution of this worker is less than the wage rate

(C) both (A) and (B)

(D) none of the above

**49.** Wage rate in agriculture sector depends upon

(A) Productivity

(B) Technology

(C) Land-to-labour ratio

(D) All of above

**50.** Other things remaining the same, areas with well developed manufacturing and service sector will have higher wage rate in agricultural sector, because

(A) of a relatively lower labour to land ratio

(B) a relatively higher labour productivity

(C) both (A) and (B)

(D) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** किन्हीं दिये हुये पदों के विचलनों के वर्गों का योग न्यूनतम होता है यदि ये विचलन लिये जाते हैं
(A) बहुलक से
(B) माध्यिका से
(C) प्रसरण से
(D) माध्य से

**46.** तत्त्व उत्क्रमण परीक्षण निम्नांकित में से किसके द्वारा संतुष्ट किया जाता है ?
(A) लास्पेयर्स का सूचकांक
(B) फिशर का सूचकांक
(C) मार्शल-एजवर्थ सूचकांक
(D) पाशे का सूचकांक

**47.** टाइप I त्रुटि की इस तरह व्याख्या की जाती है :
(A) जब $H_0$ मिथ्या हो और उसे अस्वीकृत कर दें ।
(B) जब $H_0$ सत्य हो और उसे अस्वीकृत कर दें ।
(C) जब $H_0$ सत्य हो और उसे स्वीकार कर लिया जाता है ।
(D) जब $H_0$ असत्य है और उसे स्वीकार कर लिया जाता है ।

**नोट :** नीचे दिया परिच्छेद पढ़िए और प्रश्न संख्या **48** से **50** तक का उत्तर दीजिए :

एक नियोक्ता अतिरिक्त कामगार को तभी भाड़े पर रखने के लिए इच्छुक होता है जबकि वह मज़दूरी से अधिक मूल्य का योगदान करेगा और इसलिए सीमान्त कामगार का योगदान मज़दूरी का अच्छा सन्निकटन है । भूमि के एक दिए टुकड़े पर, यदि आप ज्यादा से ज्यादा कामगारों को रखते हैं, तो प्रत्येक का सीमान्त योगदान कम होगा और इसलिए उत्पादकता और भूमि-से-श्रम अनुपात के साथ मज़दूरी बढ़ती है । जिन क्षेत्रों में कृषि सम्बन्धी उत्पादकता और भूमि-से-श्रम अनुपात उच्च है (उदाहरण के लिए पंजाब, हरियाणा) वहाँ मज़दूरी तुलनात्मक रूप से ज्यादा होती है और विलोमत: भी (उदाहरण के लिये बिहार, उड़ीसा) । उत्पादकता का निर्धारण प्रौद्योगिकी – बीज, सिंचाई, उर्वरक इत्यादि द्वारा होता है । भूमि-से-श्रम अनुपात का निर्धारण उस कृषि श्रम बल जिन्हें भूमि का उपयोग करना है, के परिमाण द्वारा होता है । वो क्षेत्र जहाँ जनसंख्या का घनत्व अधिक है, अर्थात् वे क्षेत्र जिन्होंने लम्बे समय तक जनसंख्या संवृद्धि की उच्च दरों का अनुभव किया है, वहाँ भूमि-से-श्रम अनुपात निम्न होंगे और इसलिए मज़दूरी निम्न होगी । और, यदि अर्थव्यवस्था में सुविकसित विनिर्माणकारी एवं सेवा क्षेत्र है जिससे कि कृषि से बाहर काफी रोजगार है, तो फिर इसके अनुरूप कृषि में कम श्रम होता है । फलस्वरूप, कृषि में भूमि-से-श्रम अनुपात और इसीलिए मज़दूरी अधिक होती है । रोजगार के पैटर्न और निर्धनता के बीच यह मुख्य कड़ी है ।

**48.** नियोक्ता एक अतिरिक्त कामगार को तभी मज़दूरी पर रखने का इच्छुक होता है,
(A) जब इस कामगार का योगदान मज़दूरी की दर से ज्यादा है ।
(B) जब इस कामगार का योगदान मज़दूरी की दर से कम है ।
(C) (A) और (B) दोनों ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**49.** कृषि क्षेत्र में मज़दूरी की दर निर्भर करती है
(A) उत्पादकता पर
(B) प्रौद्योगिकी पर
(C) भूमि-श्रम अनुपात पर
(D) उपर्युक्त सभी पर

**50.** अन्य बातों के समान रहने पर, जिन क्षेत्रों में सुविकसित विनिर्माणकारी एवं सेवा क्षेत्र विद्यमान हैं वहाँ कृषि क्षेत्र में मज़दूरी की दर अधिक होगी, क्योंकि वहाँ पर
(A) श्रम भूमि अनुपात सापेक्षिक रूप से कम होता है ।
(B) श्रम उत्पादकता सापेक्षिक रूप से अधिक है ।
(C) (A) और (B) दोनों ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

## Space For Rough Work

Prepp Your Personal Exam Guide